हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 कच्चे में लौह खनन परियोजना के क्षमता ...


14 पुनर्वास के लिए समर्पित नक्सली व पीड़ति...




## खबर संक्षेप




### उत्पाती शराबी पर पुलिस कार्रवाई

**कांकेर।** तहसील कार्यालय नरहरपुर में शराब सेवन कर नशे में घुत होकर उत्पात मचाने वाले को पुलिस ने पकड़ा और आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस को जानकारी मिलीकि एक व्यक्ति शराब के नशे हल्ला कर रहा है। पुलिस मौके पर पहुँचकर हल्ला मचाने वाले व उत्पात करने वाले मारवाड़ी निवासी 60 वर्षीय लव कुमार सिंहा पिता झाडुराम सिंहा को दबोचा, जो शराब के नशे में था। आरोपी तहसील कार्यालय में अंदर घुसकर गाली गलौच कर रहा था। मौके पर पुलिस द्वारा समझाईस देने पर भी पुलिस पार्टी को भी गाली देने लगा। मुलाहिजा रिपोर्ट में शराब का सेवन करना लेख किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36(च)(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क हादसे में गंभीर चोट आने से हुई मौत



**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत चिल्हाटी से सेलेगांव जाने वाले मार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल का इलाज के दौरान मौत हो गया। चिल्हाटी निवासी फागुराम चुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि मृतक शेखर चुरेंद्र 12 नवंबर को सुबह मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 0557 में सवार होकर चिल्हाटी से सेलेगांव काम करने जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। गंभीर चोट आने की वजह से इलाज के दौरान धनेलीकन्हार के अस्पताल में मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा की तैयारी बैठक 18 को

**कांकेर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 27 नवम्बर से 02 दिसम्बर की अवधि में कांकेर जिले के 410 तीर्थयात्रियों को तीर्थ यात्रा में भेजा जाना प्रस्तावित है। उक्त यात्रा की तैयारियों के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में 18 नवम्बर को बैठक रखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री दर्शन योजना के अंतर्गत तीर्थयात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को कामाख्या देवी मंदिर, नवगृह मंदिर, वशिष्ट मुनि आश्रम, उमानंद मंदिर, शिवाजी का मंदिर, शंकर देव कला क्षेत्र-गुहावाटी का दर्शन कराया जाना प्रस्तावित है।

## परिवर्तन : सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल भवन और स्वास्थ्य सुविधा की उठी मांगें

# नक्सल छाया हटते ही जागा विकास का विश्वास विधायक विक्रम से मिलने को उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**मन्हाकाल में लौटी रौनक, अब विकास की राह पर कदमताल**





कभी घोर नक्सल प्रभाव के कारण भय और सन्नाटे में डूबा रहा ग्राम मन्हाकाल अब विकास की राह पर तेजी से अग्रसर है। क्षेत्र में शांति बहाल होने के बाद पहली बार विधायक विक्रम उसेंडी गांव पहुंचे। विधायक के आगमन पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

वर्षों तक शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से दूरी बनाए रखने वाले ग्रामीण अब खुलकर अपनी बातें रख रहे हैं और विकास की मुख्यधारा से जुड़ने को उत्सुक दिखाई दे रहे हैं। कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटेबोदेली के आश्रित ग्राम मन्हाकाल में 12 नवंबर की दोपहर विधायक विक्रम उसेंडी ग्रामीणों से मिलने पहुंचे। उनके पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, पुरुष, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन एकत्र हुए। सभी ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया और अपने बीच जनप्रतिनिधि को देखकर प्रसन्नता व्यक्त किया। विधायक से मिलने पहुंचे ग्रामीणों ने गांव की बुनियादी जरूरतों से जुड़ी अनेक समस्याएं रखीं। उन्होंने सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, वन अधिकार पट्टा और पेयजल आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मांगों के आवेदन सौंपे। मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से ग्राम मन्हाकाल में उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग की, ताकि स्थानीय लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं गांव में ही मिल सकें। इसके अलावा ग्रामीणों ने ग्राम मांझीकुरूष बोड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने, पोरोंडी–पाऊरखेड़ा के बीच नदी पर पुल निर्माण, हेतले-मन्हाकाल में स्कूल भवन निर्माण, नल-जल योजना से जलापूर्ति प्रारंभ करने, सीसी सड़क और छोटे-छोटे नालों पर पुलिया निर्माण की भी मांग रखी। इसी तरह छोटेबोदेली, कड़मे और पोरोंडी के आश्रित गांवों की कच्ची सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ने तथा मन्हाकाल-पोरोहकाल और छोटेबोदेली-मेटाबोदेली के मध्य पुल निर्माण की भी मांग ग्रामीणों ने किया।

### विकास अब तेजी से होगा

विधायक ने कहा पहले नक्सली भय के कारण लोग अपनी समस्याएं बताने से कतराते थे, लेकिन अब जब क्षेत्र में शांति स्थापित हुई है, तो विकास की गति भी तेज होगी। डबल इंजन की सरकार बनने के बाद विकास विरोधी गतिविधियां समाप्त हो चुकी हैं। अब लोग स्वयं आगे बढ़कर अपनी बात रख रहे हैं, यह एक सकारात्मक संकेत है। विधायक ने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और कृषि के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांवों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना और ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधारना है।

### विधायक ने सीएमएचओ को लगाया फोन

ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद विधायक विक्रम उसेंडी ने तत्काल जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कांकेर को फोन पर निर्देश दिए कि मन्हाकाल में उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव तैयार कर विभाग को शीघ्र भेजा जाए। उन्होंने कहा कि मन्हाकाल और इसके आसपास का इलाका लंबे समय तक विकास से वंचित रहा है, क्योंकि यहां की परिस्थितियां पहले अनुकूल नहीं थीं।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कोयलीबेड़ा लच्छूराम गावड़े, सरपंच छोटेबोदेली केदूराम पोटाई, सरपंच पोरोंडी नारद ध्रुव, सरपंच कड़मे हितेष नरेटी, भाजपा नेता सुनील जैन, अशोक जैन, शनिराम नरेटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विशेष आधार नामांकन शिविर आज होगा

**कांकेर।** बाल दिवस के अवसर पर बच्चें के नमांकन और आधार अपडेट के लिए 14 नवंबर को डाक विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 9 बजें से शाम 4 बजें तक प्रधान डाकघर कांकेर और उप डाकघर सरोना में किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चो को आधार सुविधा से जोड़ना तथा पूर्व से बने आधार में सुधार करना है। शिविर में नमांकन सुविधा निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। अभिभावक अपने बच्चों के जन्म प्रमाण पद्ध एवं स्वयं का आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ में ले जावे। यह पहल बच्चों में डिजिटल पहचान एवं सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ओपन स्कूल की हाई एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 17 से

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी अवसर परीक्षा नवंबर सत्र का आयोजन आगामी 17 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया जाएगा। शाउमावि दुर्गुकोंदल के प्राचार्य अजय नेताम ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी दोनों परीक्षाएँ एक ही अवधि 17 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का समय प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## राजस्व मंत्री टंकराम जिले के प्रवास पर जनप्रतिनिधियों ने किया आत्मीय स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास तथा उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा 13 नवंबर को युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार संघ सृजन का नाट्य मंचन नादब्रम्हा में शामिल होने मुख्यालय कांकेर सायं 5 बजे के आसपास पहुंचे। उनके आगमन पर जिले के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राजस्व मंत्री के कांकेर स्थित शासकीय विश्राम गृह पहुंचने पर विधायक कांकेर आशाराम नेताम तथा कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के पदाधकारी के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। मंत्री के स्वागत के बाद शासकीय विश्राम गृह में एक सौहार्दपूर्ण मुलाकात का दौर चला, जिसमें क्षेत्र के विकास और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। राजस्व मंत्री से इस अवसर पर अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा तथा राज्य हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने भी सौजन्य भेंट किया। जनप्रतिनिधियों ने जिले की विभिन्न समस्याओं एवं विकास कार्यों से संबंधित विषयों पर मंत्री से चर्चा की और समाधान के लिए सुझाव प्रस्तुत किए। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए और राजस्व विभाग से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सरकार की प्राथमिकता है। कांकेर आगमन के दौरान मंत्री वर्मा का कार्यक्रम आत्मीयता, संवाद और विकास के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ। जिले के जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बीच इस मुलाकात को विकास के नए आयामों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## किसान संघ ने मुआवजा, ऋण माफी व फसल सुरक्षा की माँग कलेक्टर से की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



■ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, बेहाल किसानों के लिए लगाई गुहार

भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 13 नवंबर को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर को सौंपा गया। ज्ञापन में संघ ने अतिवृष्टि से हुए नुकसान, फसल बीमा, धान खरीदी में अनियमितताओं और आवारा पशुओं की समस्या को लेकर तत्काल कार्यवाही की मांग किया है। किसान संघ ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हुई अतिवृष्टि के कारण धान फसल को भारी नुकसान हुआ है। किसानों की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है, ऐसे में सरकार को प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान कर उनके कृषि ऋण माफ करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि के कारण धान की गुणवत्ता में जो कमी आई है, उसे खरीदी प्रक्रिया में बाधा नहीं बनाया जाए, ताकि किसानों को उचित मूल्य मिल सके। किसान संघ के द्वारा सौपे गए ज्ञापन में 10 प्रमुख बिंदुओं में किसानों की समस्याएं रखी गई हैं। इनमें फसल बीमा राशि शीघ्र देने, बीमा की शर्तें स्पष्ट करने, धान खरीदी केंद्रों में अधिक तौलने की प्रथा बंद करने, पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराने और खरीदी केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने की मांग शामिल है। इसके साथ ही संघ ने सहकारी समितियों की आमसभा नियमित रूप से आयोजित कर किसानों को आय-व्यय और लाभांश की जानकारी देने, ग्रीष्मकालीन मक्का को फसल बीमा के दायरे में शामिल करने तथा आवारा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## 12.75 लाख की लागत से बनने वाले पीडीएस दुकान व गोदाम निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर क्षेत्र में आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वार्ड क्रमांक 03 एवं 06 में उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन गुरुवार को संपन्न हुआ। नगर पंचायत की इस पहल को स्थानीय नागरिकों ने सराहनीय कदम बताया है।

जानकारी के अनुसार प्रत्येक वार्ड में निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत राशि 12.75 लाख रुपये निर्धारित की गई है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद दोनों वार्डों के निवासियों को उचित मूल्य की दुकान की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं सुलभ हो जाएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम का ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पटवारी के असहयोग से थमे राजस्व कार्य जनप्रतिनिधियों ने दी आंदोलन की चेतावनी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ पटवारी की मनमानी से ग्रामीण त्रस्त, एसडीएम को सौंपा सामूहिक ज्ञापन

तहसील सरोना अंतर्गत ग्राम अभनपुर, भिरौद सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों ने वर्तमान पटवारी यामिनी नेताम के असहयोगात्मक रवैए से परेशान होकर एसडीएम कांकेर को सामूहिक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पटवारी के उदासीन व्यवहार और मनमानी कार्यप्रणाली के कारण क्षेत्र में नामांतरण, सीमांकन, फसल गिरदावरी और फसल बीमा जैसे महत्वपूर्ण राजस्व कार्य ठप पड़े हैं। ज्ञापन देने के दौरान किसानों ने बताया कि भूमि संबंधी कार्यों में जानबूझकर देरी की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसके अलावा विद्यार्थियों को आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र बनवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संपर्क करने के बावजूद पटवारी की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलता। मोबाइल पर बातचीत या व्यक्तिगत मुलाकात के दौरान भी उनका रवैया उपेक्षापूर्ण और असंतोषजनक रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी तहसीलदार सरोना और एसडीएम कांकेर को शिकायतें दी गई ▶▶| शेष पेज 12 पर

### जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

पूर्व जनपद सदस्य अजय नेताम ने कहा कि पटवारी के असहयोग के कारण किसान महीनों से नामांतरण और सीमांकन के लिए भटक रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिंहा ने कहा कि यह मामला सीधे आमजन की आजीविका से जुड़ा है, इसलिए प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। गोड़वाना समाज परिक्षेत्र धनेसरा के अध्यक्ष भुनेश्वर नेताम ने कहा कि जब अधिकारी जनता की समस्याओं को न सुनें, तो विकास की उम्मीद व्यर्थ है। उप सरपंच भिरौद संतोष नायक ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो किसान और ग्रामीण आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। जनपद सदस्य भाऊ राम भास्कर ने कहा कि पटवारी की मनमानी से राजस्व कार्य ठप हैं और लोग बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

## स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने पहचानी बालिका की गंभीर समस्या

# चिरायु टीम की पहल से आरती को मिला नया जीवन, सर्जरी के बाद हिलाने लगीं उंगलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा





विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिरायु टीम द्वारा क्षेत्र के स्कूलों और आंगनबाड़ियों के बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इस टीम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी कर समय पर इलाज सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में चिरायु टीम प्रभारी डॉ. अभिषेक साहू के नेतृत्व में प्राथमिक शाला चारगांव (आश्रम पारा) में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान टीम को कुमारी आरती कोमरा नामक बालिका मिली, जिसके बाएं हाथ की उंगलियां आग में जल जाने के कारण हथेली से चिपक गई थीं। इस कारण वह अपने दैनिक कार्यों जैसे लिखना, खाना या वस्तुएं पकड़ने में अत्यधिक कठिनाई महसूस कर रही थी। आरती की स्थिति देखकर टीम प्रभारी डॉ. अभिषेक साहू ने उसके अभिभावकों से चर्चा कर उसे उचित इलाज के लिए तैयार किया। डॉ. साहू के प्रयासों से आरती को रायपुर स्थित अस्पताल ले जाया गया ▶▶| शेष पेज 12 पर

### परिजनों ने टीम का जताया आभार

छात्रा आरती के अभिभावकों ने बेटी के उपचार में सहयोग देने के लिए चिरायु टीम और डॉ. अभिषेक साहू के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यदि चिरायु टीम बच्चों के स्वास्थ्य की जांच के लिए गांव नहीं आती, तो शायद आरती को इस तरह का इलाज समय पर नहीं मिल पाता।

### चिरायु टीम ने जीवन में जगाई नई उम्मीद

चिरायु टीम की यह पहल न केवल आरती के जीवन में एक नई उम्मीद लेकर आई है, बल्कि यह उदाहरण भी पेश करती है कि स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच यदि गांव-गांव तक हो जाए, तो कई मासूमों का भविष्य संवर सकता है। ग्रामीण अंचलों में चिरायु टीम का यह प्रयास बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण के क्षेत्र में प्रेरणादायक मिसाल बनता जा रहा है।

BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप



### शिव सेना प्रदेश प्रमुख पहुंचे भानुप्रतापपुर

**भानुप्रतापपुर।** शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने कहा कि उनका दल पिछले 41 वर्षों से हिंदुत्व, गौ-रक्षा तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहा है। 11 नवंबर को दंतेवाड़ा-मूलक माँ दंतेश्वरी के पूजन के बाद हिंदू राष्ट्र मोर्चा शीर्षक से निकला था, जो आज भानुप्रतापपुर तक पहुंच चुका है। आगे यह मोर्चा केशकाल घाट सहित बस्तर के विभिन्न मार्गों से होकर 14 नवंबर को रायपुर के लिए रवाना होगा। हमारा लक्ष्य भारत को हिंदू राष्ट्र का दर्जा दिलाना, गौ-माता को राज्य माता के रूप में मान्यता कराना, प्रदेश में धर्मांतरण की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगवाना।

### जनजातीय गौरव दिवस के मुख्य अतिथि होंगे शिक्षा मंत्री गजेन्द्र

**कांकेर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी जिलों में 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय कांकेर के पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव में आयोजित जिला गौरव दिवस स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे।

### संस्था एवं कोर्स परिवर्तन के लिए आवेदन 20 तक

**कांकेर।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति अंतर्गत संस्था तथा कोर्स, ईयर में परिवर्तन किए हैं, वे ऑनलाइन सुधार के लिए अपने अध्ययनरत संस्था के माध्यम से निर्धारित फॉर्म में 20 नवंबर तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय कांकेर में आवेदन कर सकते हैं।

### एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 20 को

**कांकेर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 20 नवम्बर को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 539 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में सिक्युरिटी गार्ड के 500 पद, ट्रेनी केन्द्र मैनेजर के 30 पद और टीचर व शिक्षक के 9 पदों पर भर्ती की जाएगी।

## प्रक्रिया : रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की उम्मीद

# कच्चे में लौह खनन परियोजना के क्षमता विस्तार को लेकर हुई जनसुनवाई में ग्रामीणों का मिला समर्थन






हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर क्षेत्र के कच्चे में मेसर्स गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित लौह अयस्क खनन परियोजना के क्षमता विस्तार के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए आयोजित जनसुनवाई बुधवार को हुई। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने खनन परियोजना का खुलकर समर्थन किया। परियोजना शुरू होने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं, स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि हुई है और जीवन स्तर में सुधार आया है। जनसुनवाई में शामिल ग्रामीणों ने बताया कि खदान शुरू होने के बाद से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कई स्थानीय युवक खनन, परिवहन और संबंधित व्यवसायों में काम पा रहे हैं। खदान से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हजारों मजदूर खनन कार्यों में संलग्न हैं। खनन गतिविधियों से जुड़ी परिवहन व्यवस्था के कारण ट्रक, चालक, परिचालक और मैकेनिक जैसे सहायक व्यवसाय भी तेजी से बढ़े हैं। खदान क्षेत्र के आसपास ऑटो पार्ट्स, वाहन मरम्मत, चाय-नाश्ते की दुकानों और छोटे व्यापारों में भी वृद्धि देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले वे केवल खेतिहर मजदूरी पर निर्भर थे, लेकिन अब नियमित रोजगार मिलने से आर्थिक स्थिति में स्थायित्व आया है। एक ग्रामीण ने कहा पहले हम बेहद गरीब थे, रोज की मजदूरी से घर चलता था। अब खदानों में काम मिलने से जीवन स्तर सुधरा है और बच्चों की पढ़ाई भी अच्छे स्कूलों में करवा पा रहे हैं। पहले हमारा गांव कोई नहीं जानता था, अब लोग कच्चे माइंस के नाम से पहचानते हैं।

**बुनियादी सुविधाओं में सुधार**
कंपनी के अधिकारियों ने बतायसा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और सड़क सुविधाओं को बेहतर करने की योजना प्रस्तुत की गई। ग्रामीणों ने बताया कि खनन कार्यों के चलते सड़क चौड़ीकरण, बिजली और पानी की आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है।

**प्रशासनिक उपस्थिति और शांति व्यवस्था**
जनसुनवाई स्थल पर प्रशासनिक अधिकारी, पर्यावरण विभाग के प्रतिनिधि और पुलिस बल तैनात रहे। जनुसनवाई शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। प्रशासन ने जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों की आपत्तियों और सुझावों को दस्तावेज में दर्ज किया।

## एसडीएम ने एसआईआर की प्रगति की समीक्षा की, अधिकारी और सुपरवायजरों की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

विधानसभा के ईआरओ और एसडीएम ने 13 नवंबर को भानुप्रतापपुर तहसील के सभा कक्ष में विधानसभा के सभी प्रभारी अधिकारी एवं सुपरवायजरों की बैठक ली। सभी सुपरवायजरों को निर्देशित किया कि वर्तमान में जारी एसआईआर में सभी बीएलओ गणना पत्रक का वितरण कर चुके है। अब सभी तत्काल उसका संग्रहण का कार्य करें और अपने अपने सर्किल में एक स्थान पर सभी बीएलओ बैठकर फार्म अपलोड का कार्य प्रारंभ करें। एसडीएम गंगाधर वाहिले ने प्रभारी अधिकारियों का सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन में लर्ग कर्मचारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई भी कार्य में लापरवाही करते हुए पाए जाए तो सख्त कार्यवाही निर्वाचन नियमों के तहत सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्य में लगे सभी ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं आंगनबाडी कार्यकर्त्ता लगातार अपने अपने बीएलओ के साथ संपर्क में रहें और आपसी समन्वय के साथ कार्य को पूर्ण करें। विधानसभा भानुप्रतापपुर में गणना पत्रक वितरण कार्य 90 प्रतिशत से ऊपर हो चुका है। अब सभी बीएलओ गणना पत्रक भरकर एक प्रति संबंधित मतदाता को वापस देवे। एक प्रति अपने पास रखें, जिस आधार पर फार्मों का डिजिटाईजेशन किया जाना है। मास्टर ट्रेनर टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि कैटेगरी ए और बी के मतदाताओं का पहले अपलोड करें, क्योकि इसमें कोई दस्तावेज मांगा नहीं जा रहा हैं । बीएलओ को यदि एप में कोई समस्या आ रही उसका निदान सुपरवायजर स्वयं करें इसके लिए जरूरी है कि सभी सुपरवायजर अपलोड में स्वयं दक्ष हो जाए। बैठक में तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा, जनपद सीईओ गेंदलाल चुरेंद्र, सुरेंद्र बंजारें, सीएमओ आईएल पटेल, परियोजना अधिकारी महिला बालविकास ममता सुखदेवे, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा सुमन कौर, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, सुपरवायजर निरंकार श्रीवास्तव, नुमेश सोनी, अविनाश श्रीवास्तव, मनीष गौतम, बाबूलाल कोमरे, प्रदीप सेन, अविनाश सिंह, टोमन ठाकुर आदि उपस्थित रहें।

## नागरिकता कानून को पीछे से लागू करने का भाजपा का प्रयास : नितिन पोटाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



प्रदेश में चल रहे एसआईआर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी के नेता ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर केन्द्र सरकार चुनाव आयोग को सामने रखकर पीछे के दरवाजे से नागरिकता कानून को ही लागू कर रही है। कांग्रेस के नेता नितिन पोटाई ने कहा कि देश में इसके पहले भी एसआईआर हुआ है लेकिन उसमें कोई दस्तावेज की जरूरत नहीं होता था। एसआईआर के लिए नाम कटवाने और जोड़ने के लिए दो वर्षो का समय दिया जाता रहा है, लेकिन इस बार मात्र 3 माह का समय दिया जाना और 11 दस्तावेजों में से एक दस्तावेज जमा करने का आदेश इस बात को ही रेखांकित करता है कि उनकी मंशा में खोट है। जो दस्तावेज मांगा जा रहा है प्रदेश के अधिकांश गरीब आदिवासी, दलित, महिलाओं के पास यह दस्तावेज नहीं होने के कारण उनका नाम मतदान सूची से बाहर हो जाएगा भले ही उनका नाम 2003 के सूची में रहे हो और वे चुनाव में वोट दिए हो। केन्द्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार देश के नागरिकों का अधिकार छीनने पर जुटी हुई है।

### विकास के लिए भाजपा ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**दुर्गुकोंदल।** भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय आगमन पर छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री एवं राजस्व मंत्री टंकाराम वर्मा से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दुर्गूकोदल क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं राजस्व संबंधी विकास कार्यों की जानकारी देते हुए मांग पत्र सौंपा। छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री एवं राजस्व मंत्री टंकाराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और सभी प्रस्तावित योजनाओं को समय पर पूरा किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ जल्द ही ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुँचेंगी। इस अवसर पर मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, नामदेव मरकाम, ईशू आरदे, अमित कोमरा और बहादुर तुलावी उपस्थित रहे।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 17 को होगी

**कांकेर।** जिला पंचायत कांकेर के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 17 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन जीयन, 30 नवंबर लिए जाएंगे आवेदन

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को पात्रतानुसार पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जानी है। शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन माध्यम से की जा रही है। आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त ने बताया कि विद्यार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण का ऑनलाईन आवेदन 30 नवम्बर 2025 तक प्राप्त की जाएगी तथा स्वीकृति एवं डिसबर्स के लिए शासकीय 15 दिसम्बर और अशासकीय 20 दिसम्बर निर्धारित की गई है। उक्त निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन की पोर्टल बंद कर दिया जाएगा।

## पुनर्वास के लिए समर्पित नक्सली व पीड़ित परिवारों को कृषि विभाग ने दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

सरकार ने आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ति परिवारों के पुनर्वास के लिए उचित कदम उठाया है। इसी कड़ी में शासन के विभिन्न विभागों के साथ साथ कृषि विभाग में भी संचालित केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान समृद्धि योजना राष्ट्रीय कृषि विकास, प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई, शाकम्भरी योजना कृषि यंत्र उपकरण, किसान क्रेडीट कार्ड, कृषक उन्नति, नगदी फसलो एंव मौसमी सब्जी खेती, किचन गार्ड में सब्जी की खेती, मुर्गीपालन, दुग्ध व्यवसाय, मछली पालन, सुकर पालन, बकरी पालन, समेत कृषि एवं कृषि से सम्बंधित विभाग उधानिकी मत्स्य पशुधन विभागों की रोजगार मूलक योजनाओं का प्रशिक्षण भानुप्रतापपुर विकासखंड के नक्सल पुनर्वास केंद्र चौगेल में कृषि विभाग एवं कृषि से सम्बंधित विभाग के द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किया गया

**गोंडी भाषा में प्रशिक्षणः** गोंडी भाषा में प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञ अनिल नेताम ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले आत्मसमर्पित नक्सलियों और पीड़ति परिवारों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए यह पहल एक बड़ा कदम है, बल्कि उन परिवारों के लिए सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक हैं। सरकार इस योजना को पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ लागू कर रही है। यह योजना जिले के विकास और शासन की जन हितैषी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उपसंचालक कृषि जितेंद्र कोमरा ने कहा कि नक्सल पीड़ति परिवारों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को बेहतर जीवन देने के लिए कृषि एवं कृषि से सम्बंधित विभाग उद्यानिकी मतस्य पालन, पशुपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, सुकर पालन की योजना का लाभ ले कर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने प्रेरित किया। आत्मसमर्पित नक्सली या उनके बच्चे निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ना चाहें, तो उन्हें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आरक्षित सीट में प्रवेश एवं अनुदान राशि प्रदान की जा रही है।

**शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं**
इच्छुक आत्मसमर्पित स्वयं भी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं, जिसके लिए संबंधित विभागों की योजनाओं के अंतर्गत सहायता दी जाएगी। यह नई नीति क्षेत्र में शांति एवं विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं पीड़ति परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी, बल्कि उनके परिवारजनों के भविष्य को भी सुरक्षित किया जा सकेगा। पीड़ति परिवारों को आवास मिल जाने से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। यह योजना सामाजिक समरसता और विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी महात्मा तरेता, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राकेश शोरी, रामजी वट्टी, मत्स्य निरीक्षक ओमप्रकाश सेवता, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर राधेलाल देवांगन, अमृता मरकाम समेत बड़ी संख्या में आत्म समर्पित नक्सली एवं पीड़ित परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही।

## युवक-युवतियों का आठवां जत्था नई दिल्ली के लिए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

बीएसएफ के तत्वावधान में आयोजित 17 वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत कांकेर और नारायणपुर जिलों के अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से चुने गए 40 आदिवासी युवक-युवतियों के आठवें जत्थे को आज रायपुर रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया। बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह सात दिवसीय यात्रा 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। इस दौरान प्रतिभागी नई दिल्ली में देश के विभिन्न राज्यों से आए अन्य आदिवासी युवाओं से मिलेंगे और विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं, लोक कलाओं, भोजन-पहनावे और जीवनशैली से रूबरू होंगे। युवा प्रतिभागियों में नई दिल्ली यात्रा को लेकर उत्साह देखा गया। उन्हें देश की विविधता, संस्कृति और विकास के नए आयामों को समझने का एक अनोखा मौका प्रदान करेगा।

## वंदे मातरम्... का सामूहिक गायन कन्या महाविद्यालय में किया गया



**कांकेर।** शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर में बंकिम चंद्र चटर्जी के अमर गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष मीरा सलाम के कहा कि वंदे मातरम् का हमारे स्वाधीनता संग्राम में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। संस्था प्रमुख प्रो. जेके बारले ने बताया कि वंदे मातरम् गीत के माध्यम से पूरे देश में एकजुट होकर गुलामी से मुक्ति के लिए प्रयास किया गया। इसके बाद सभी ने वंदे मातरम् गीत का गायन किया। प्रो. सुनील कुमार साहू ने बताया कि विश्व का एकमात्र देश भारत है जहां देश को मां का दर्जा दिया गया है। यह गीत बंकिमचंद्र चटर्जी के उपन्यास आनन्दमठ से लिया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छग मछुआरा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा और छग हस्त शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, विषेश अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, राजीवलोचन सिंह, संजय सिन्हा, अनूप शार्मा, राजा देवनानी, राजकुमार फब्यानी, दिनेश रजक, दीपक खटवानी, नीलू तिवारी, अनिता सोनी, चित्रलेखा जैन, शंकुनतला जैन, मीना उइके, अंजू नेगी, उत्तम यादव, हितेन्द्र ठाकुर, प्यारी साहू, विकास अंगोरी, सलीम मेमन, प्रो. योगराज साहू, प्रो. रीना जामुनकर, प्रो. रश्मि नाग, प्रो. सुमन साहू, प्रो. दीप्ति सोनी, डॉ. तरन्नुम, डॉ. मुमताज, प्रो. देव साहू, महेन्द्र रजक, कृष्णा नाग, हिमांशी, रेखा टोप्पा, मेंघा साहू व अन्य उपस्थित रहें।

# चारामा क्षेत्र की दो रेत खदानों की पहली बार ऑनलाइन निविदा, सरकार को मिला 1.27 लाख का राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

**टंहकापार खदान विपिन गुप्ता एवं खरथा खदान प्रदीप कश्यप को मिली**







भाजपा सरकार आने के बाद जिले के चारामा क्षेत्र की दो रेत खदान टंहकापार और खरथा की पहली बार ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया संपन्न की गई। खनिज विभाग द्वारा रेत खदानों की पारदर्शी आवंटन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस बार ई-निविदा प्रणाली लागू की गई। इसके तहत इच्छुक ठेकेदारों और फर्मों ने ऑनलाइन माध्यम से निविदा फार्म खरीदे, जिससे शासन को कुल 1 लाख 27 हजार की राशि प्राप्त हुई। टंहकापार खदान विपिन प्रसाद गुप्ता और खरथा खदान प्रदीप कश्यप को मिली। खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार चारामा क्षेत्र की यह दोनों खदानें पहले परंपरागत तरीके से संचालित की जाती थीं, जिसमें निविदा प्रक्रिया ऑफलाइन होती थी। इस बार शासन के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से कराई गई। विभाग का कहना है कि ऑनलाइन प्रणाली से न केवल समय और संसाधनों की बचत हुई है, बल्कि भ्रष्टाचार और गड़बड़ी की संभावनाएं भी काफी हद तक समाप्त हो गई हैं। चारामा क्षेत्र में रेत की इन खदानों से स्थानीय निर्माण कार्यों के साथ-साथ जिले के अन्य हिस्सों में भी रेत की आपूर्ति होती है। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद खदानों का संचालन तय शर्तों और पर्यावरणीय मानकों के अनुसार कराया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि आगे भी जिले की अन्य खदानों की निविदा इसी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और राजस्व दोनों में वृद्धि होगी। स्थानीय लोगों ने भी डिजिटल प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए रेत की उपलब्धता सुचारू रूप से बनी रहेगी। जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि खरथा खदान के लिए 77 और टंहकापार खदान के लिए 50 आवेदन आनलाईन जमा हुए थे। इन आवेदनों की जाँच किया गया, जिसमें कई आवेदन निरस्त भी हुए और दस्तावेज सही मिलने के उपरांत ऑनलाईन निविदा निकाली गई, जिसमें टंहकापार खदान विपिन प्रसाद गुप्ता निवासी सरगुजा और खरथा खदान प्रदीप कश्यप निवासी बस्तर के नाम पर निकली। सरकार को दो खदानों के लिए आवेदन फार्म बेचने पर 1 लाख 27 हजार का राजस्व मिला है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




